






## एक नजर में

### हाईवे पर पेड़ से जा टकराई कार, युवक की मौत



**खरगोन, निप्र।** शहर सीमा से लगे चित्तौडगढ़-भुसावल हाईवे पर भोंगानाला के समीप बीती रात एक तेज रफ्तार कार सड़क से उतरकर पेड़ से जा टकराई। इस हादसे में एक युवक गंभीर रुप से घायल हो गया, जिसने जिला अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। अस्पताल पुलिस चौकी से मिली जानकारी अनुसार राधे उर्फ हर्ष पिता मनोज बावीसकर को गंभीर घायल अवस्था में मंगलवार रात करीब 10 बजे जिला अस्पताल लाया गया था। यहां उपचार के दौरान उसने रात करीब 11.30 बजे दम तोड़ दिया। बुधवार सुबह पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है।

### 2 पिकअप से 4 गौवंश कराए मुक्त




**खरगोन, निप्र।** भगवानपुरा थानाक्षेत्र की सिरवेल पुलिस चौकी क्षेत्र में हो रहे गौवंश के अवैध परिवहन के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई की है। 2 पिकअप जब्त कर 4 गौवंश मुक्त कराए गए है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसारपिकअप वाहन क्रमांक एमपी 09जीई 8202 एवं एमपी 10जी 1611 को मोरहाडी फल्या झुले के पास घेराबंदी कर रोका गया। वाहन चालकों ने अपने नाम सुनिल पिता महेन्द्रसिंग तोमर निवासी खडक्याघाट एवं दूसरे ने अपना नाम मोहन निवासी कदवाली का होना बताया। तलाशी लेने पर दोनो वाहनो में दो-दो गौवंश पाए गए। परिवहन संबंधित दस्तावेज नही होने से पिकअप जब्त कर प्रकरण दर्ज किए गए है।

### पंचायत कार्यो में अनियमितता के आरोप, उठी उच्च स्तरीय जांच की मांग



**खरगोन, निप्र।** जिले के झिरन्या जनपद की ग्राम पंचायत खोई में शासकीय कार्यों में अनियमितता एवं भ्रष्टाचार की शिकायतों के बाद निकाली गई रिकवरी मामले ने एक बार फिर तुल पकड़ा है। शिकायतकर्ताओं ने आरोप लगाया है कि पूर्व में बिना मूल्यांकन के राशि का आहरण किया गया और वर्तमान में भी 3 सीसी रोड़ निर्माण कार्य के बिना मूल्यांकन आहरित कर ली गई है। ग्राम के दिनेश नायक, राजेश, कमल, भेरुलाल, चिमन, कालूसिंह आदि ने जनसुनवाई में शिकायती आवेदन सौंपते हुए भ्रष्टाचार में पाए गए कार्यों की रिकवरी में कम राशि की जांच एवं वर्तमान के कार्यों की उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की है। शिकायतकर्ता नायक ने बताया कि पूर्व में जनकल्याणकारी योजनाओं एवं विकास कार्र्यों में सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक, उपयंत्री, सहायक यंत्री के खिलाफ शिकायत की थी। शिकायत के बाद अगस्त- सितंबर माह 2025 में जांच की गई थी। जिसमें शिकायत सही पाई गईऔर जांच प्रतिवेदन में 43 लाख 29 हजार 758 रुपए की रिकवरी के आदेश जारी किए गए थे। नायक ने आरोप लगाया कि इस मामले में अब तक संबंधितों ने महज 35 से 40 प्रतिशत राशि ही रिकवरी की है, जो शासन के राजस्व को नुकसान पहुंचाने के साथ ही आदेश की अवहेलना भी है। शिकायतकर्ताओं ने शिकायत में निर्माण कार्यों की नामजद शिकायत करते हुए उच्च स्तरीय जांच की मांग की है।

### एमपी ट्रांसको निमरानी के सहायक अभियंता प्रदीप पाटीदार ई-गवर्नेंस मेडल अवार्ड से सम्मानित




**खरगोन, निप्र।** मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) के 220 के.व्ही. सबस्टेशन निमरानी में पदस्थ सहायक अभियंता श्री प्रदीप पाटीदार को ई-गवर्नेंस के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए गत दिवस जबलपुर में आयोजित एक विशेष समारोह में सम्मानित एवं पुरस्कृत किया गया। उल्लेखनीय है कि सहायक अभियंता श्री प्रदीप पाटीदार ने एमपी ट्रांसको में लागू की जा रही ट्रांसमिशन एसेट मैनेजमेंट प्रणाली (टेम्स) के क्रियान्वयन के दौरान उत्पन्न हो रही तकनीकी एवं व्यवहारिक कठिनाइयों के समाधान में विशेष रुचि एवं पहल की। उन्होंने मुख्यालय जबलपुर स्थित आई.टी. सेल के समन्वय से कंपनी के विभिन्न वृत्तों एवं संभागों के कार्मिकों को स्थानीय स्तर पर ही प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन प्रदान किया, जिससे इस महत्वपूर्ण परियोजना को अंतिम रूप देने में एमपी ट्रांसको को प्रभावी सहायता प्राप्त हुई। इस अवसर पर एमपी ट्रांसको के प्रबंध संचालक श्री सुनील तिवारी एवं ट्रांसमिशन क्षेत्र के विशेषज्ञ तथा सेवानिवृत्त मुख्य अभियंता श्री नीलकंठ गजानन टिकेकर ने उन्हें एमपी ट्रांसको राज्यस्तरीय ई-गवर्नेंस मेडल, प्रमाण पत्र एवं प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। गौरतलब है कि एमपी ट्रांसको ने कंपनी में डिजिटल नवाचार को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए ई-गवर्नेंस श्रेणी के अंतर्गत यह पुरस्कार प्रारम्भ किया है।

## किसानों के हितों से समझौता मंजूर नहीं, कांग्रेस करेगी पुरजोर विरोध : विधायक यादव

**खरगोन, निप्र।** भारत-अमेरिका के बीच हाल ही में हुई ट्रेड डील को लेकर पूर्व कृषि मंत्री एवं कसरावद विधायक सचिन यादव ने केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि इस डील के माध्यम से किसानों के हितों को अमेरिका के सामने गिरवी रखने का काम किया गया हैए जो अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और किसान विरोधी है। श्री यादव ने अपने वक्तव्य में कहा कि देश.प्रदेश का किसान पहले से ही न्यूनतम समर्थन मूल्य ;एमएसपीद्ध की कानूनी गारंटी को लेकर संघर्ष कर रहा है। ऐसे कठिन समय में सरकार द्वारा अमेरिकी कृषि उत्पादों के लिए भारतीय बाजार खोलना, किसानों की कमर तोडने जैसा कदम है। इससे किसानों पर सीधा असर पड़ेगा और वे विदेशी कंपनियों के सामने टिक नहीं पाएंगे। केंद्र सरकार से मांग की कि भारत.अमेरिका ट्रेड डील में किसानों के हितों का पूर्ण संरक्षण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि यदि सरकार ने इस डील में किसानों के हितों की अनदेखी की, तो कांग्रेस पार्टी देश के किसानों के साथ मिलकर इस फैसले का सड़क से संसद तक पुरजोर विरोध करेगी। किसानों के हक की लड़ाई में कांग्रेस किसी भी स्तर पर पीछे नहीं हटेगी।



## कृषि उपज मंडी प्रवेश द्वार पर अधूरा नाला निर्माण बन रहा परेशानी का सबब




**खरगोन, निप्र।** शहर की कृषि उपज मंडी के प्रवेश द्वार पर हो रहा नाला निर्माण कार्य व्यापारियों सहित किसानों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। यहां निर्माण के लिए खुदाई के बाद खुला नाला, सड़क पर जमा मलबा हादसों का सबब बन रहा है। बुधवार सुबह एक ट्रक का पहिया मंडी में प्रवेश के दौरान खुले नाले में जा धंसा, जिसके चलते घंटो यातायात अवरुद्ध हुआ। क्षेत्र के व्यापारी राजेंद्र पाटीदार, गिरधारी अल्फेज आदि ने बताया कि मंडी गेट के सामने डला नाला निकासी पानी रोड़ पर बहता- रहता है। पिछले तीन साल से यह समस्या बनी हुई है। बार-बार शिकायतों के बाद चार दिन पहले नगर पालिका ने इसकी सुध ली। दुकानदारों ने जल्द निर्माण कार्य पुरा कर इस समस्या से निजात दिलाने की मांग की है।

## 10 से शुरु होगी बोर्ड परीक्षाएं, कलेक्टर प्रतिनिधियों को दिया प्रशिक्षण

**खरगोन, निप्र।** 10 फरवरी से प्रारंभ होने वाली माध्यमिक शिक्षा मंडल की हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी बोर्ड परीक्षाओं को पूरी सख्ती और पारदर्शिता के साथ कराए जाने के लिए प्रशासनिक तैयारियां तेज हो गई है। कलेक्टर ने परीक्षाओं के लिए 93 प्रतिनिधियों की नियुक्ति की है। इन प्रतिनिधियों का बुधवार उत्कृष्ट स्कूल सभाकक्ष में एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। मंडल से इस बार परीक्षा केंद्रों पर जैमर लगाने के निर्देश भी दिए गए है। प्रशिक्षण में जिला शिक्षा अधिकारी एसके कानूड़े और जिला ई.गवर्नेंस मैनेजर ने जिले में कक्षा 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षाओं को नकल मुक्त और व्यवस्थित कराने के लिए प्रशासन ने सख्त और तकनीक आधारित तैयारियां की है। अब प्रश्न-पत्र उठाने से लेकर परीक्षा केंद्र तक पहुंचने की पूरी प्रक्रिया सेल्फी और एप अपलोड से मॉनिटर की जाएगी। जिला शिक्षा अधिकारी श्री कानूड़े ने बताया कि 10 फरवरी से परीक्षाएं सुबह 9 से 12 बजे तक होगी। परीक्षार्थी को सुबह 8 बजे परीक्षा केंद्र पहुंचना होगा। गोपनियता बनाए रखने के लिए प्रश्न पत्र पुलिस थाने से सीलबंद लाए जाएंगे। इसके अलावा परीक्षा केंद्र पर जैमर भी लगाए जाने के निर्देश दिए गए है। गुरुवार को परीक्षा केंद्राध्यक्ष एवं सहायक केंद्राध्यक्ष का प्रशिक्षण होगा।



## युवा खेल संगम में 79 युवाओं ने उत्साहपूर्वक लिया भाग

**कसरावद, निप्र।** खेल-कूद मनुष्य के शारीरिक और मानसिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए निमाड़ अभ्युदय समूह द्वारा 'युवा खेल संगम 2026' का आयोजन 4 फरवरी 2026 को कसरावद महाविद्यालय परिसर में किया गया।

यह आयोजन कसरावद महाविद्यालय एवं अज़ीम प्रेमजी फाउंडेशन के संयुक्त प्रयास से संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में 79 युवाओं ने स्वैच्छिक रूप से भाग लिया। युवाओं की अलग-अलग टीमों का गठन कर व्यक्तिगत एवं सामूहिक खेल प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं, जिनमें चम्मच रेस, शतरंज, थ्री लेग रेस, डोज बॉल, वॉलीबॉल, रस्सा खींच और टायर रेस प्रमुख रहीं।

खेलों के माध्यम से युवाओं में मस्ती और मनोरंजन के साथ-साथ सौहार्दपूर्ण, मैत्रीपूर्ण वातावरण में टीम वर्क, अनुशासन और नेतृत्व कौशल को बढ़ावा दिया गया। युवा खेल संगम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता और पर्यावरण जैसे सामाजिक विषयों के प्रति जागरूक करना, स्वयंसेवा से जोड़ना तथा खेलों के माध्यम से सामाजिक समावेश और एकता को प्रोत्साहित करना रहा। कार्यक्रम के जरिए युवाओं से बेहतर संवाद स्थापित करने और उनकी प्रतिभा की पहचान व विकास के अवसर भी सृजित किए गए। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर.एस. ठाकुर, डॉ. विजय मंडलोई, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. एस.आर. सोलंकी, क्रीड़ा अधिकारी डॉ. डी.आर. राजपूत, ग्रंथपाल दीपक राठौर, खेल कल्याण विभाग समन्वयक पंकज बर्डे , जिला चिकित्सालय से राजेश वर्मा सहित अज़ीम प्रेमजी फाउंडेशन के सभी साथी उपस्थित रहे।




## कृष्ण पाल सिंह तोमर को स्कूल स्टाफ द्वारा भावभीनी विदाई दी

**मंडलेश्वर, निप्र।** महात्मा गांधी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मंडलेश्वर में अर्द्धवार्षिकी आयु पूर्ण करने पर वरिष्ठ कृषि संकाय के व्याख्याता कृष्ण पाल सिंह तोमर को स्कूल स्टाफ द्वारा भावभीनी विदाई दी गई। कृष्णपाल सिंह तोमर ने 31 वर्षो की सेवा काल में अपने शिक्षकीय दायित्वों का पूर्ण ईमानदारी एवं अनुशासन से निर्वहन किया।अपने सेवा काल में उनके द्वारा शैक्षणिक एवं सह शैक्षणिक गतिविधियों को पूर्ण लगन से संपन्न कराया गया , जिसमें उनके द्वारा बच्चों को राष्ट्रीय स्तर तक के पुरस्कार प्राप्त करने में विशेष योगदान रहा।तोमर ने कृषि संकाय में प्रतिवर्ष अपने विषय का शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम दिया।संस्था के प्राचार्य जे के सोनी ने श्री तोमर की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि श्री तोमर का अध्यापन कार्य काफी प्रभावी रहा एवं उनके द्वारा पढाये गये बच्चे आज उच्च पदों पर नियुक्त होकर अपनी सेवायें दे रहे है।कार्यक्रम का संचालन अजीत सिंह पवार एवं आभार अरविंद कुमार तिवारी ने माना।कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक मनीष कुमार डोंगरे श्यामसुंदर डोंगरे नीतू रावल प्रियंका रंसोरे गोविंद वर्मा धर्मेंद्र पाटीदार सुधीर गोखले नीतू जाटव विनीता शाक्य राकेश कुलश्रेष्ठ एवं समस्त स्टाफ के शिक्षा एवं कर्मचारी उपस्थित रहे ।




## विश्वविद्यालय कार्यपरिषद बैठक में डॉ. द्विवेदी सम्मानित

▶ राष्ट्रीय स्तर पर मिली है बड़ी उपलब्धि

**इंदौर.** भारत सरकार के आयुष मंत्रालय द्वारा शिलांग स्थित पूर्वोत्तर आयुर्वेद एवं होम्योपैथी संस्थान (एनईआईएएच) की वैज्ञानिक सलाहकार समिति में सदस्य (होम्योपैथी विशेषज्ञ) के रूप में नामित किए जाने पर डॉ. ए. के. द्विवेदी को देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इंदौर की कार्यपरिषद बैठक में सम्मानित किया गया. यह उपलब्धि इंदौर सहित पूरे होम्योपैथी शिक्षा एवं चिकित्सा जगत के लिए गर्व का विषय मानी जा रही है.

कार्यपरिषद की बैठक में एनईआईएएच द्वारा जारी पत्र के संदर्भ में डॉ. ए. के. द्विवेदी को इस विशिष्ट उपलब्धि के लिए सम्मान प्रदान किया गया. इस अवसर पर कुलगुरु राकेश सिंघई, कुलसचिव प्रज्ज्वल खरे तथा कार्यपरिषद के सभी सम्माननीय सदस्यगण उपस्थित रहे. विशेष रूप से ओ. पी. शर्मा, अनंत पवार, डॉ. वैशाली वायकर, मोनिका गौड़ सहित अन्य सभी सदस्यों ने डॉ. ए. के. द्विवेदी का स्वागत एवं सम्मान किया. बैठक में सभी सदस्यों ने विश्वास जताया कि डॉ. ए. के. द्विवेदी अपने दायित्वों का पूर्ण निष्ठा, समर्पण एवं दक्षता के साथ निर्वहन करेंगे तथा देश में आयुष पद्धति के विकास एवं विस्तार में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहेंगे. बैठक के दौरान विश्वविद्यालय से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों पर भी चर्चा की गई.



## प्रदूषण से बढ़ता कैंसर, पर्यावरण संरक्षण ही समाधान



**इंदौर,** विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर सामाजिक संस्था मालवमंथन द्वारा श्रीमती रुक्मणिबेन दीपचंदभाई गार्डी नर्सेस ट्रेनिंग सेंटर, इंदौर में हर्बल फर्स्ट एड बॉक्स (औषधीय पौधे) प्रकल्प के अंतर्गत पौधारोपण एवं जागृति संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण को जन-जागृति से जोड़ते हुए स्वस्थ एवं कैंसर-मुक्त समाज का संदेश देना रहा.

▶ विश्व कैंसर दिवस उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित

कार्यक्रम में डॉ. स्वप्निल व्यास ने कहा कि आज कैंसर केवल जीवनशैली की बीमारी नहीं रह गई है, बल्कि प्रदूषित पर्यावरण इसका एक बड़ा कारण बन चुका है. देश में वायु, जल और भूमि प्रदूषण तेजी से बढ़ रहा है और इसका सीधा असर मानव स्वास्थ्य पर पड़ रहा है. भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के अनुसार भारत में कैंसर के कुल मामलों में लगभग 30 से 40 प्रतिशत मामलों का संबंध तंबाकू एवं प्रदूषित वातावरण से है. वहीं वायु प्रदूषण के कारण फेफड़ों के कैंसर के मामलों में लगातार वृद्धि देखी जा रही है. उन्होंने चिंता जताई कि यदि समय रहते पर्यावरण संरक्षण को गंभीरता से नहीं लिया गया, तो आने वाले वर्षों में कैंसर एक सामाजिक आपदा का रूप ले सकता है. इस अवसर पर साहित्यकार हरेराम वाजपेयी ने उपस्थितजनों को पर्यावरण संरक्षण के संकल्प की शपथ दिलाई. कार्यक्रम में यूथ फ़ॉर सेवा के कार्यकर्ताओं की सक्रिय सहभागिता रही. अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. लवली ए. जोशी ने की, जबकि संचालन डॉ. सोनम दुबे द्वारा किया गया कार्यक्रम में संस्था अध्यक्ष ज्ञानचंद संचेती, गिरीश काबरा, राजेश आज़ाद, डॉ सपना सिंह, राघव पोरवाल, अनिल कोठारी, चेतन नागर सहित समस्त शिक्षकगण एवं नर्सिंग के समस्त विद्यार्थीगण उपस्थित रहे.


### एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक ने होंडा से साझेदारी की

**मुंबई.** एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक (एयू एसएफबी) ने होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया के साथ एक रणनीतिक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। यह सहयोग पूरे भारत में होंडा टू-व्हीलर्स खरीदने के लिए ग्राहकों को किफायती और सुविधाजनक फाइनेंसिंग विकल्प देगा. एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक के ईडी और डिप्टी सीईओ उत्तम टिबरेवाल ने कहा होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया के साथ साझेदारी एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक की देश भर में मोबिलिटी फाइनेंस का विस्तार करने की यात्रा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है. होंडा भारत में सबसे भरोसेमंद और प्रतिष्ठित टू-व्हीलर ब्रांड्स में से एक है.


## एक नजर में ▶ शिविर में कुल 56 मरीजों की स्वास्थ्य जांच की गई

# संपूर्णता अभियान 2.0 अंतर्गत सिरवेल में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

नवभारत न्यूज

**खरगोन, निप्र।** नीति आयोग द्वारा संचालित सम्पूर्णता अभियान 2.0 के अंतर्गत कलेक्टर सुश्री भव्या मित्तल के निर्देशानुसार आकांक्षी विकासखंड भगवानपुरा के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सिरवेल में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में टीबी, एनीमिया एवं मातृ स्वास्थ्य से संबंधित जांच की गई। साथ ही गर्भवती महिलाओं का एएनसी पंजीयन एवं परामर्श, प्रारंभिक लक्षणों के आधार पर आयरन एवं पोषण परामर्श प्रदान किया गया। शिविर में कुल 56 मरीजों की स्वास्थ्य जांच की गई। जिसमें 39 एएनसी (गर्भवती) महिलाएं, 13 बाल रोग (पीडियाट्रिक) मरीज, 4 मरीज मधुमेह एवं उच्च रक्तचाप फॉलो-अप के शामिल रहे। विकासखंड चिकित्सा अधिकारी डॉ सुनील वर्मा ने बताया कि 'संपूर्णता अभियान 2.0' के अंतर्गत आयोजित ऐसे स्वास्थ्य शिविरों का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को सुदृढ़ करना, टीबी व एनीमिया जैसी बीमारियों की समय पर पहचान करना तथा लोगों को निवारक स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ना है। नियमित जांच एवं परामर्श से गंभीर बीमारियों को प्रारंभिक अवस्था में ही रोका जा सकता है। यह शिविर मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सुदृढ़ीकरण, रोगों की प्रारंभिक पहचान एवं उपचार सुनिश्चित करने की दिशा में संपूर्णता अभियान 2.0 के लक्ष्यों के अनुरूप एक महत्वपूर्ण पहल रही। स्वास्थ्य शिविर के दौरान विकासखंड चिकित्सा अधिकारी के मार्गदर्शन में एएनएम, आशा कार्यकर्ता, सीएचओ एवं फार्मासिस्ट की सक्रिय उपस्थिति रही।



